एनाबॉलिक स्टेरॉयड्स

भारत के दो ट्रैक-एंड-फील्ड टोक्यो ओलंपियन प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड का उपयोग करने के लिये डोप परीक्षण में विफल रहे तथा चार साल तक के प्रतिबंध का सामना कर रहे हैं।

एनाबॉलिक स्टेरॉयड्स:

- **परिचय:**
  - एनाबॉलिक स्टेरॉयड का प्रयोग आमतौर पर बॉडी-बिल्डर द्वारा किया जाता है।
  - ये अनिवार्य रूप से पुरुष हार्मोन टेस्टोस्टेरोन के प्रयोगशाला-निर्मित संस्करण हैं तथा मांसपेशियों को बढ़ाने में प्रभावी है जैसा कि प्राकृतिक हार्मोन से होता है।
  - यह किसी व्यक्ति में पुरुष विशेषताओं को भी बढ़ाता है, जैसे चेहरे के बाल और भारी आवाज़।
- **कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स से अलग:**
  - हालाँकि ये स्टेरॉयड उन स्टेरॉयड से बहुत अलग हैं जिनका सुझाव डॉक्टर द्वारा दिया जाता है जैसे- सूजन, कई ऑटोइम्यून बीमारियों के लिये या **कोविड-19 संक्रमण** के दौरान शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कम करने के लिये।
  - इन दवाओं को कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स कहा जाता है, ये लैब-निर्मित अणु होते हैं जो कोर्टिसोल नामक हार्मोन की क्रिया की नकल करते हैं, साथ ही शरीर की तनाव प्रतिक्रिया, चयापचय और सूजन को नियंत्रित करते हैं।
  - कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स के विपरीत एनाबॉलिक स्टेरॉयड का सीमित चिकित्सीय उपयोग है।

निर्धारण के प्रमुख कारण:

- एनाबॉलिक स्टेरॉयड की एक बहुत ही सीमित चिकित्सा भूमिका होती है और मुख्य रूप से डॉक्टरों द्वारा गंभीर बीमारी या चोट के बाद रोगियों को वज़न बढ़ाने में मदद के लिये इसका उपयोग किया जाता है।
- यह बुजुर्गों को मांसपेशियों के निर्माण के लिये छोटी खुराक के रूप में सेवन के लिये निर्धारित किया जा सकता है और कुछ मामलों में यह एनीमिया के इलाज में भी मदद करता है।
- डॉक्टर उन पुरुषों को भी इस दवा की सलाह दे सकते हैं जिनमें प्राकृतिक टेस्टोस्टेरोन का स्तर कम होता है।
- कुछ डॉक्टर इसका उपयोग पुराने **ऑस्टियोआर्थराइटिस** (ऐसी स्थिति जिब हड्डियाँ समय के साथ खराब हो जाती हैं) के इलाज के लिये करते हैं।

एनाबॉलिक स्टेरॉयड का दुरुपयोग:

- एनाबॉलिक स्टेरॉयड का मुख्य रूप से उन लोगों द्वारा दुरुपयोग किया जाता है जो मांसपेशियों को बढ़ाने की इच्छा रखते हैं।
- एनाबॉलिक स्टेरॉयड उपयोगकर्त्ताओं से संबंधित वर्ष 2019 के भुवनेश्वर के एक अध्ययन से पता चला है कि 74 प्रतिभागियों में से केवल एक पेशेवर बॉडी बिल्डर था, जिसमें 18.9% छात्र थे, जो यह दर्शाता है कि इसका उपयोग पेशेवर एथलीटों के अलावा अन्य लोग भी करते हैं।
- हालाँकि भारत में इस दवा का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या का कोई ठोस अनुमान मौजूद नहीं है, जम्मू और कश्मीर के वर्ष 2018 के एक अध्ययन में पाया गया कि 7.1% एथलीटों ने इसका इस्तेमाल किया।

स्वास्थ्य पर प्रभाव:

- अल्पावधि में एनाबॉलिक स्टेरॉयड का उपयोग करने से मुंहासे की समस्या और बाल झड़ सकते हैं।
- पदार्थ के विस्तारित दुरुपयोग से गाइनेकोमास्टिया (पुरुषों में स्तनों का विकास) और स्तंभन दोष/नपुंसकता (Erectile Dysfunction) की समस्यां भी उत्पन्न हो सकती है।
- महिलाओं में यह चेहरे के बालों के विकास का कारण बन सकता है। यह अत्यधिक क्रोध, पागलपन और निर्णय लेने की क्षमता को भी प्रभावित कर सकता है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/anabolic-steroids